# 60103

## First Semester B.A. Degree Examination, December 2018

*(CBCS – Semester Scheme – Freshers)*

## Hindi Language

## Paper I – GADYA, VYAKARAN AUR ANUVAD

*Time : 3 Hours]* *[Max. Marks : 70*

I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या वाक्य में लिखिए। **(10 × 1 = 10)**

1. गुजराती का आदि ग्रंथ कौन–सा है?
2. कितने दिनों तक उम्मीदवारों को रियासत देवगढ में रहना पडा?
3. 'वे दिन' पाठ के लेखक कौन है?
4. रामा महादेवीजी को क्या कहकर बुलाता था?
5. नार्वे में कितने द्वीप है?
6. उदयन किस भूमि पर विजय पाकर लौटे हैं?
7. किस समस्या का आज भी हमारे पास हल नहीं है?
8. मंजुघोषा कौन है?
9. दैवगढ आये उम्मीदवारों ने आपस में कौन सा खेल खेला?
10. महाराजा उदयन पर किसने अभियोग लगाया?

II. किन्हीं **दो** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए। **(2 × 7 = 14)**

1. भारत की राष्ट्रीय एकता के लिए सांस्कृतिक एकता का आधार अनिवार्य है।
2. "दीनबन्धु। दास ने श्रीमान की सेवा चालीस साल तक की, अब कुछ दिन परमात्मा की सेवा करने की आज्ञा चाहता हूँ।"
3. "आर्य तो किसी पक्षी पर बाण का प्रयोग नहीं करते, उनका लक्ष्य दूसरा ही होता है।"

III. परीक्षा कहानी का सारांश लिखकर उसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

(अथवा)

'रामा' रेखाचित्र के आधार पर 'रामा' का चरित्र–चित्रण कीजिए। **(16)**

IV. किन्हीं **दो** पर टिप्पणी लिखिए। **(2 × 5 = 10)**

1. उदयन
2. ध्रुव–प्रदेश
3. नार्वे का सौंदर्य

V. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

(a) वाक्य शुद्ध कीजिए। **(4 × 1 = 4)**

1. हम सब इस देश का नागरिक है।
2. सीता कल मैसूर जा रहा है।
3. वह मेरा चाची है।
4. रामा का पत्नी सीता है।

(b) अन्य लिंग रूप लिखिए। **(3 × 1 = 3)**

1. मोर
2. भाई
3. आध्यापक

(c) वचन बदलिए। **(3 × 1 = 3)**

1. लडकी
2. हाथी
3. नदी

VI. हिन्दी में अनुवाद कीजिए। **(10 × 1 = 10)**

1. Activity
2. Broadcast
3. Corruption
4. Democracy
5. Emergency
6. Founder
7. Graduate
8. Handloom
9. Identity card
10. Signature